हिन्दी

1. प्राय: कहानी के आरंभ में ही कहानी के मुख्य चरित्र, कहानी का समय, कहानी की भाषा, घटनाओं आदि के कुछ संकेत मिलते हैं।प्रेमचंद की कहानी 'दो बैलों की कथा' में भी ऐसे ही संकेत हैं।कहानी के ऐसे संकेत बिन्दुओं को ढूँढकर लिखिए।

2. कहानी 'दो बैलों की कथा' में से 20 ऐसे शब्द चुनकर लिखें जो आपके लिए बिल्कुल नए हैं। अब उन शब्दों के अर्थ अपने अनुमान से लिखिए। इसके बाद उनके अर्थ शब्दकोश में से देखकर लिखिए।

3.मान लीजिए आप स्थानीय समाचार पत्र के संवाददाता हैं।आपके समाचार पत्र के लिए समाचार तैयार करें। कैसे लिखें -

1. शीर्षक दें

2. घटना का विवरण (कहाँ, कब क्या हुआ)

3. परिणामऔर लोगों की प्रतिक्रियालिखें

4. छुट्टियों में 15-20 दिनों की डायरी लिखें, जिसमें अपने प्रतिदिन के अनुभव, नई सीख और पर्यावरण से जुड़े बदलाव को लिखें।

5. किसी भी विषय पर अपने अनुभव, विचार, दृष्टिकोण और भावनाओं को तार्किक, भावनात्मक, क्रमबद्ध और साहित्यिक रूप से प्रस्तुत करते हुए कुछ विषयों पर लेख लिखें —

   1. युवा वर्ग में धीरे-धीरे नैतिक मूल्यों का पतन
   2. युवा वर्ग पर पड़ता इंटरनेट का सकारात्मक तथा नकारात्मक प्रभाव।

6. पाठ- 1, 2 को गहराई से पढ़े। इन पाठों के आधार पर अपनी पाठ्यपुस्तक से अलग प्रश्न तैयार करें तथा उन्हें उत्तर सहित लिखें।